S6HD2

केन्द्रीय विद्यालय संगठन, पटना संभाग

# सत्रांत परीक्षा, 2017–18

2669

कक्षा – छठी

हिन्दी

समय : 2.30 घंटा] [पूर्णांक : 80

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

खण्ड - क

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 1x5=5

यदि हम निरंतर प्रयत्न करेंगे तो निश्चय ही अपने सभी लक्ष्यों को प्राप्त कर लेंगे। किंतु प्रायः देखा जाता है कि अधिक आशावादी लोग थोड़ा-सा प्रयत्न करके अधिक फल की कामना करने लगते हैं। मनोवांछित फल न प्राप्त होने पर निराश हो जाते हैं। अतः जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए परिस्थितियों के समक्ष घुटने न टेके, बल्कि हिम्मत से उनका मुकाबला करें। याद रखें, जितना कठोर हमारा परिश्रम होगा उसका फल भी उतना ही मीठा होगा।

(क) लक्ष्य प्राप्ति के लिए क्या करना चाहिए ?

(ख) फल न मिलने पर कौन निराश हो जाते हैं ?

(ग) 'मनोवांछित' शब्द का क्या अर्थ है ?

(घ) 'आशा' का पर्यायवाची शब्द दीजिए ।

(ङ) इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए ।

2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 1x5=5

निर्मल तेरा नीर अमृत के सम उत्तम है,<br>
शीतल मंद सुगंध पवन हर लेता श्रम है,<br>
षट्ऋतुओं का विविध दृश्य युत अद्भुत क्रम है,<br>
हरियाली का फर्श नहीं मखमल से कम है,<br>
शुचि-सुधा सींचता रात में, तुझ पर चंद्रप्रकाश है<br>
हे मातृभूमि ! दिन में तरणि, करता तम का नाश है

(क) भारत की नदियों का जल कैसा है ?

Scanned by CamScanner

(ख) भारत में कितनी ऋतुओं का क्रम है ?

(ग) हरियाली से भरा फर्श कैसा लगता है ?

(घ) भारत की धरती पर कैसी हवा बहती है ?

(ङ) रात का फैला अंधकार' कौन दूर करता है ?

## खण्ड - ख

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

(क) 'कवि' शब्द का स्त्रीलिंग रूप लिखिए | 1

(ख) निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए - 2

(i) सज्जन (ii) मानव

(ग) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए - 2

(i) मोर (ii) कमल

(घ) व्याकरण के कितने अंग होते हैं और कौन-कौन से ? 2

(ङ.) निम्नलिखित दिए गए मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए- 3

(i) सत्यानाश करना (ii) वीरगति को प्राप्त होना (iii) नौ-दो ग्यारह होना

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 1×8=8

(i) निम्नलिखित वर्णों के योग से शब्द बनाइए -

प्+उ+स्+त+अ+क्+अ

(ii) दो विदेशी भाषा के शब्द लिखिए |

(iii) वर्णों के सार्थक समूह को_______कहते हैं |

(iv) संविधान में_______ भाषाओं को मान्यता प्राप्त है |

(v) भाषा के शुद्ध रूप को_______ रूप कहते हैं |

(vi) _______को हिन्दी भाषा को राजभाषा घोषित किया गया |

(vii) हिन्दी भाषा की लिपि_______ है |

(viii) 'अध्यापिका' शब्द का बहुवचन _______ है |

## खण्ड - ग

5. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 1x5=5

वास्तविक लोकगीत देश के गाँवों और देहातों में है | इनका संबंध देहात की जनता से है | बड़ी जान होती है इनमें | चैता, कजरी, बारहमासा, सावन आदि |

Scanned by CamScanner

मिर्ज़ापुर, बनारस और उत्तर प्रदेश के पूर्वी और बिहार के पश्चिमी जिलों में गाए जाते हैं | बाउल और भतियाली बंगाल के लोकगीत हैं | पंजाब में महिया आदि इसी प्रकार के हैं | हीर-राँझा, सोहनी-महिवाल संबंधी गीत पंजाबी में और ढोला-मारू आदि के गीत राजस्थानी में बड़े चाव से गाए जाते हैं |

(क) लोकगीतों का वास्तविक संबंध किससे है ?

(ख) बंगाल के प्रमुख लोकगीत कौन से हैं ?

(ग) महिया लोकगीत कहाँ की देन है ?

(घ) राजस्थानी भाषा में कौन से लोकगीत गाए जाते हैं ?

(ड़) कजरी, चैता लोकगीत कहाँ-कहाँ गाए जाते हैं ?

6 .निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

मैं सबसे छोटी होऊँ,
तेरी गोदी में सोऊँ,
तेरा अंचल पकड़ -पकड़कर
फिरूँ सदा माँ ! तेरे साथ ,
कभी ना छोड़ू तेरा हाथ !
बड़ा बनाकर पहले हमको,
तू पीछे छलती है मात !

(क) इस कविता के कवि कौन हैं ? 1

(ख) कवि माँ का साथ क्यों चाहता है ? 1

(ग) कौन किसको बड़ा बनाकर छलती है ? 1

(घ) सबसे छोटी होने की इच्छा क्यों की गई है ? 1

(ड) इस कविता का शीर्षक लिखिए | 1

7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच के उत्तर दीजिए - 2×5=10

(i) आश्रम में कॉलेज के छात्रों से गाँधी जी ने कौन - सा काम करवाया और क्यों ?

(ii) लोकगीतों की विशेषताओं को लिखिए |

(iii) लेखक ने 'प्रकृति के अक्षर' किन्हें कहा है ?

(iv) 'प्रकृति का जादू' किसे कहा गया है ?

Scanned by CamScanner

(v) 'बचपन' पाठ के आधार पर बताइए कि लेखिका बचपन में इतवार की सुबह क्या-क्या काम करती थी ?

(vi) राजप्पा ने नागराजन का टिकट-अलबम अँगीठी में क्यों डाल दिया ?

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 2½×4=10

(i) नगर से बाहर निकलकर दो पग चलने के बाद सीता की क्या दशा हुई ?

(ii) तुम्हारी माँ तुम लोगों के लिए क्या-क्या काम करती हैं ?

(iii) झाँसी की रानी के जीवन से हम क्या-क्या सीख सकते हैं ?

अथवा

झाँसी की रानी के किन-किन गुणों को देखकर मराठे खुश होते थे ?

(iv) 'वन के मार्ग में' पाठ के आधार पर वन के मार्ग का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए ।

9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 'बाल राम कथा' के आधार पर दीजिए - 2×5=10

(क) शबरी कौन थी ? वह किसकी प्रतीक्षा कर रही थी ?

(ख) हनुमान ने पकड़े जाने पर रावण से क्या कहा ?

(ग) रावण की मृत्यु के बाद लंका का राजा कौन बना ?

(घ) राजा दशरथ के कितने पुत्र थे ? उनके नाम लिखिए।

(ङ) रानी कैकेयी ने राजा दशरथ से कौन से दो वरदान माँगे ?

## खण्ड - घ

10. दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर किसी एक विषय पर निबंध लिखिए - 7

(क) प्रदूषण - संकेत बिंदु : प्रदूषण का अर्थ, प्रदूषण के प्रकार, प्रदूषण के परिणाम तथा निवारण के उपाय ।

(ख) मित्रता - संकेत बिंदु : जीवन में मित्रता का महत्व, मित्र का साथ, मित्रता के लाभ, सच्चे मित्र का उदाहरण ।

11. छोटे भाई को पत्र लिखकर व्यायाम के लाभ समझाइए । 5

अथवा

प्राचार्य को अवकाश हेतु प्रार्थना-पत्र लिखिए ।

****

Scanned by CamScanner